हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

04 सेवानिवृत्त कर्मचारी से ठगे थे 6.03 लाख आरोपी के घर से 5 लाख...



07 बिना हेलमेट व सीटबेल्ट वालों को महिला एनसीसी कैडेट्स ने...



मातारानी का प्रतिदिन हो रहा मनोहारी श्रृंगार, मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु करा रहे हवन

बगलामुखी मंदिर स्थित यज्ञशाला के साथ रावण बरड़ी पर प्रतिदिन हो रहे 5 हजार से अधिक हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के इन दिनों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यहां पहुंचने वाले भक्त माता रानी के चरणों में अपनी श्रद्धा व आस्था प्रकट कर रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा वीआईपी सहित सभी आम भक्तों के लिए गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह बंद कर रखा है। सभी भक्तगण गर्भगृह के बाहर से ही माता रानी के दर्शन कर रहे हैं। कई भक्तों द्वारा परिवार की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के साथ अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु विशेष हवन करवाए जा रहे हैं। मंदिर समिति की अधिकृत यज्ञशालाओं के साथ रावण बरड़ी पर स्थित यज्ञशालाओं में प्रतिदिन 5 हजार से अधिक हवन कार्य हो रहे हैं।

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर कुंवार मास की शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त अपनी मनोकामना को लेकर पहुंच रहे है। जिनमें कई वीआईपी भी शामिल रहते हैं। नवरात्रि पर्व के तृतीय दिवस मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर पर आस्था का सैलाब





दिखाई पड़ा। हजारों की संख्या में भक्त मां के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर के अंदर व सिंह द्वार से बाहर तक प्रातःकालीन आरती के बाद से ही भक्तों की कतारे लगना प्रारंभ हो गई थी, जो देर शाम तक जारी थी। भक्तों को मातारानी के दर्शन के लिए लाईन में खडे रहकर प्रतिक्षा करना पडी। कई भक्तो द्वारा मां के दरबार में विशेष पूजन,हवन-अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई। पूरा मंदिर परिसर मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा था। नवरात्रि पर्व के इन दिनों में प्रतिदिन मंदिर समिति की अधिकृत यज्ञशालाओं में 1200 से 1500 हवन भक्तों द्वारा मंदिर समिति की अधिकृत रसीद बनवाकर किए जा रहे हैं वहीं रावण बरडी पर स्थित प्राइवेट यज्ञशालाओं में भी भक्तों द्वारा प्रतिदिन 3 से 4 हजार हवन अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इस तरह नवरात्रि पर्व के इन दिनों में 5 हजार से अधिक हवन प्रतिदिन हो रहे हैं।

मान्यता है कि मां के समक्ष सच्चे मन से भक्त जो भी मनोकामना करता है, मातारानी उसे अवश्य ही पूर्ण करती है। यही कारण है कि उक्त मंदिर देश के साथ विदेशों में भी अपनी ख्याति प्राप्त कर रहा है तथा दिन-प्रतिदिन भक्तों की आस्था इस मंदिर को लेकर बढ रही है। विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध शक्तिपीठ मां बगलामुखी माता मंदिर पर वर्ष की चारों नवरात्रि पर्व के साथ अन्य दिनों में भी क्या बच्चे क्या बुजुर्ग सभी माता के दरबार में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जो कि माता के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि तथा खुशहाली की कामना मां से कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिदिन माता रानी का विशेष श्रृंगार मंदिर के मुख्य पुजारी गोपाल दास जी एवं उनके परिवार द्वारा कर मातारानी को नई चुनर उड़ाई जाती है। माता के इस मनोहारी रूप के दर्शन कर भक्त अपने को धन्य मान रहे हैं। बगलामुखी मंदिर पर होने वाली मंगला व संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं।

श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर नवरात्रि में जल रही 111 दीपक की अखंड ज्योत



नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि पर नगर में स्थित पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर 111 दीपक की अखंड ज्योत जल रही है। इसके साथ ही अन्य कई धार्मिक आयोजन भी चल रहे हैं। पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। शारदीय नवरात्रि में लगातार 15 वें वर्ष नो दिनों तक 111 दीपकों की अखंड ज्योत जल रही है। नवरात्रि के प्रथम दिवस कलश स्थापना के साथ ही अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है जोकि 19 अक्टूबर तक जलेगी। नवरात्रि के अंतिम दिन विसर्जन होगा। इसके साथ ही हवन होगा। धार्मिक आयोजनों के तहत अखण्ड दीपक, कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती पाठ, सुन्दर काण्ड पाठ, राम रक्षास्त्रोत पाठ, नित्य प्रति दिन पूजन पाठ, रामचरितमानस नव्हापारायण हो रहा है। उक्त आयोजन महामंडलेश्वर रामचन्द्र दास त्यागी महाराज के आशीर्वाद व सानिध्य में महंत हनुमान दास त्यागी द्वारा किया जा रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम

मां बगलामुखी मंदिर पुलिस चौकी में की 8 पुलिसकर्मियों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक जिला आगर-मालवा द्वारा जारी आदेश के तहत मां बगलामुखी मंदिर पुलिस चौकी नलखेड़ा में कार्य संपादन के लिए आठ शासकीय पुलिसकर्मियों को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। जारी आदेश दिनांक 11 अक्टूबर 2026 के अनुसार, थाना नलखेड़ा के अंतर्गत संचालित मां बगलामुखी मंदिर पुलिस चौकी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित कर्मचारियों को आगामी आदेश तक नई पदस्थापना पर कार्य करना होगा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी सूची के अनुसार, मां बगलामुखी मंदिर पुलिस चौकी में निम्न पुलिसकर्मियों की पदस्थापना की गई है, जिसमें उप निरीक्षक आशा लबकवाल, सहायक उप निरीक्षक गोविंद सिंह, प्रधान आरक्षक 139 दुलीचन्द गवली, आरक्षक 209 अर्जुन पटेल, आरक्षक 319 दीपक गोस्वामी, आरक्षक 262 सोनाराम माहौर, मुख्य आरक्षक 325 शानू डोडवा, मुख्य आरक्षक 323 रीना सौंधिया शामिल हैं।

एसपी ने जारी किया आदेश

आदेश में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रवानगी और आमद की सूचना कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश की प्रतिलिपि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुसनेर, थाना प्रभारी नलखेड़ा सहित संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जबकि नवरात्रि जैसे विशेष पर्वों पर भक्तों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था महत्वपूर्ण रहती है। आठ पुलिसकर्मियों की अस्थायी पदस्थापना से मंदिर पुलिस चौकी के कार्यों के संचालन में अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध होगा। इससे सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस चौकी के नियमित कार्यों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े दायित्वों के निर्वहन में सहयोग मिलने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

मेरा युवा भारत, रतलाम द्वारा अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य में सांदीपनि विद्यालय, आलोट में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, रतलाम द्वारा युवाओं को आपदाओं के प्रति जागरूक करने, सुरक्षित रहने, एक-दूसरे का सहयोग करने तथा आपदा प्रबंधन के महत्व को समझाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य फिरोज खान, अतुल वर्मा एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दुर्गा शंकर मोयल ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बाढ़, भूकंप, आगजनी एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव तथा जन-जागरूकता से संबंधित विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कल्पना शर्मा, विजय आंजना, इशिका खींची एवं दिनेश राठौर शामिल रहे। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों की चित्रकला का मूल्यांकन कर श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में विकास चंद्रवंशी प्रथम, हिमांशी सोनी द्वितीय व सौम्या परमार तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों विद्यालय प्राचार्य फिरोज खान, दुर्गा शंकर मोयल एवं अतुल वर्मा द्वारा विजेता प्रतिभागियों को टॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दुर्गा शंकर मोयल ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ती है तथा आपदा के समय सतर्कता, सुरक्षा व सहयोग की भावना विकसित होती है।





सनातनी नारी शक्ति सोशल ग्रुप ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सनातनी नारी शक्ति सोशल ग्रुप द्वारा पुराने पुलिस थाने में स्थित हनुमान मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान प्रभु श्रीराम के जयकारों और भक्ति भाव से पूरा दरबार श्रीराममय हो गया था। आयोजन में रामभक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर धर्म और आध्यात्मिक आस्था के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। नवरात्रि के पावन दिनों में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। सनातनी नारी शक्ति सोशल ग्रुप नलखेड़ा ने इस पहल के माध्यम से धार्मिक आयोजनों के प्रति जनभागीदारी और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का संदेश दिया गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और प्रभु श्रीराम के प्रति समर्पण का भाव दिखाई दिया।



अशोक मंडलिक समाज रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



राष्ट्रीय महामंगलकारी अनुष्ठान समिति एवं आदेश्वर पार्श्व सेवा ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ द्वारा अनुष्ठान आराधिका ज्योतिषी चंद्रिका महासती डॉ कुमुद लता महाराज एवं साध्वी मंडल के सानिध्य में नरसिंग वाटिका पर आयोजित कार्यक्रम में इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष महावीर भवन ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक मंडलिक को मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं उद्योगपति बीसीएम ग्रुप के राजेश मेहता द्वारा समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। नलखेड़ा जैन समाज के राजेंद्र सकलेचा, सकल जैन समाज शाजापुर के अध्यक्ष सपन भंसाली, अजीत जैन सहित अनेक समाजजनों एवं इष्ट मित्रों में उन्हें बधाइयां प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की गई।

नवरात्रि में मां चामुंडा देवी मंदिर पर उमड़ रहे श्रद्धालु

नलखेड़ा। नगर में जहां मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है जोकि विश्व भर में प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त भी कई प्राचीन देवी स्थान हैं जहां के चमत्कारों की चर्चा आज भी बुजुर्गों की जुबान से सुनी जा सकती है। ऐसा ही एक स्थान नगर के मध्य स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के अहाते में मां चामुंडा देवी का प्राचीन मंदिर है। माना जाता है कि यहां विराजित माता की मूर्ति दिन में तीन स्वरूप बदलती है। नवरात्रि के दिनों में यहां विशिष्ट हवन-अनुष्ठान के आयोजन भक्तों द्वारा किए जाते हैं। ग्वालियर रियासत काल में मां की मूर्ति के समक्ष पशु बलि चढ़ाई जाती थी, जो वर्तमान में बंद हो गई है। मां चामुंडा के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने की मन्नत मां के समक्ष मानते हैं तथा मन्नत पूर्ण होने पर विशेष श्रृंगार व प्रसादी आदि की भेंट चढ़ाते हैं। नवरात्रि के अंतिम दिवस पर नगर के पटेल परिवारों द्वारा यहां परंपरा अनुसार विशेष हवन करवाया जाता है।



दुर्गावाहिनी का पथ संचलन आज

नलखेड़ा। नगर में बुधवार को दुर्गावाहिनी का पथ संचलन निकलेगा। शक्ति के महापर्व व विजयादशमी के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी का बुधवार को सुबह 10 बजे जायसवाल कालोनी स्थित माधवकुंज से पथ संचलन प्रारंभ होगा जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मां बगलामुखी रोड़ स्थित रेन बसेरा परिसर पहुंचेगा जहाँ शस्त्र पूजन उपरांत समापन होगा। पथ संचलन में ध्वज वाहिनी, घोष वाहिनी, दंड वाहिनी सहित अन्य वाहिनी शामिल रहेगी।

कलाकार, भक्ति गायन व आदिशक्ति नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति देंगे

शारदीय नवरात्रि पर बगलामुखी माता मंदिर में 'शक्ति पर्व' आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शक्ति की उपासना और आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन आगर-मालवा के सहयोग से 14 अक्टूबर को शक्ति पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस सुप्रतिष्ठित आयोजन में विविध कलाओं के माध्यम से प्रदेश एवं देश के सुविख्यात कलाकार शक्ति के स्वरूपों एवं उनसे जुड़ें आख्यानों पर केन्द्रित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम सायं 6:30 बजे से प्रारंभ होगा एवं प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भव्य एवं दिव्य शक्ति पर्व का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में निहित शक्ति के महत्व एवं महानता को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन माँ बगलामुखी माता मंदिर, नलखेड़ा में आज सायं 6:30 बजे से किया जा रहा है। शक्ति पर्व में सर्वप्रथम भक्ति गायन की प्रस्तुति होगी, जिसे मोक्ष बैण्ड (सुनील पाण्डेय), भोपाल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद माँ आदिशक्ति नृत्य नाटिका का प्रदर्शन होगा। इसे प्रियंका जोशी एवं साथी, भोपाल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। अंत में भक्ति गायन की प्रस्तुति होगी, जिसे भारती विश्वनाथन एवं साथी, भोपाल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

नवरात्रि में गरबा उत्सव की धूम, बालिकाएं और युवतियां बढ़-चढ़कर ले रहीं हिस्सा

सुसज्जित गरबा पंडाल में मां दुर्गा की आराधना कर रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। एक ओर श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में लीन हैं, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक गरबा उत्सव की धूम भी देखने को मिल रही है। नवरात्रि के दूसरे दिन मां बिजासन मंदिर प्रांगण में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। इसके लिए गरबा पांडाल को आकर्षक लाइटिंग और शानदार सजावट से सुसज्जित किया गया है। गरबा उत्सव में नगर की बालिकाएं एवं युवतियां बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक गरबा प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। उत्सव को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गरबा महोत्सव का आयोजन मां बिजासन महिला मंडल ग्रुप द्वारा नगर परिषद के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक लोकनृत्य को भी बढ़ावा मिल रहा है।





सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात

गरबा उत्सव एवं मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानड़ थाना प्रभारी राजकुमार दांगी अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे। पुलिस बल की मौजूदगी में आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है। नवरात्रि के चलते नगर में धार्मिक उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

सार्वजनिक पंडालों में मच रही गरबा की धूम



नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि महापर्व पर नगर में कई सार्वजनिक पंडालों में घटस्थापना की गई है। इन पांडालों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। जहाँ प्रतिदिन माताजी की संध्या आरती के बाद आकर्षक गरबे हो रहे हैं। नगर के सार्वजनिक पांडालों में रात्रि में प्रतिदिन गरबों की धूम मच रही है। युवतियां, महिलाएं, बालिकाएं एवं युवा रंग बिरंगी पोशाकों में सज धज कर प्रतिदिन अलग अलग मुद्राओं के आकर्षक गरबा कर रहे हैं। इन गरबों को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे है। नगर के मुखर्जी मार्ग में मुखर्जी मार्ग नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा माता जी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है जहाँ प्रतिदिन रात्रि 8 बजे महाआरती के बाद गरबा प्रारंभ हो रहे हैं। यहाँ बालक बालिकाओं के साथ ही महिलाएं भी आकर्षक गरबा कर रही हैं। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहते हैं।

खबर संक्षेप

परिषद उपाध्यक्ष ने किया नगर का निरीक्षण



भौरासा। नगर में एक ओर नवरात्रि पर्व को लेकर धार्मिक उत्साह का माहौल है, वहीं दूसरी ओर जगह-जगह नालियां चौक होने से स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। रहवासियों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा ने सोमवार सुबह नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष राणा ने दरोगा सतीश फतरोड़ को साथ लेकर विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया। मौके पर नालियों में गंदगी जमा होने और पानी की निकासी प्रभावित होने की स्थिति सामने आई। इस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पूरे नगर की नालियों की सफाई जल्द सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान पूर्व पार्षद अजय यादव, राहुल मूंदड़ा, अश्विन जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वीएचएसएनडी का किया निरीक्षण

देवास। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को वीएचएसएनडी की मॉनीटरिंग जिला स्तर से की जा रही है। मंगलवार को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वंदना केसरी द्वारा विकास खण्ड सोनकच्छ की आंगनवाड़ी सह आरोग्य केन्द्र कराडिया परी एवं जामोदी में वीएचएसएनडी का निरीक्षण किया गया। डॉ. केसरी द्वारा एएनसी महिलाओं की ड्यू लिस्ट एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची का अवलोकन किया गया। हाई रिस्क होने के कारणों के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। एएनसी सर्वे लगातार करने एवं धात्री माताओं को विधिवत सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी श्रुति गौर तोमर ने सूचना शिक्षा संचार गतिविधियों का माईक्रोप्लान निर्देशानुसार बनाकर गतिविधियां कराए जाने एवं माईक्रोप्लान को ग्राम आरोग्य केन्द्र में चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेगा माइक के माध्यम से ग्राम में स्वास्थ्य दिवस के आयोजन के पूर्व प्रचार-प्रसार करने एवं स्वास्थ्य योजनाओं से संबंधित नारे लेखन करने हेतु निर्देशित किया।

पुलिस को मिली सफलता, 1500 किलोमीटर दूर कटिहार से आरोपी गिरफ्तार

सेवानिवृत्त कर्मचारी से ठगे थे 6.03 लाख आरोपी के घर से 5 लाख नकद किए बरामद

जामतारा से चल रहा था साइबर ठगी का नेटवर्क, बैंक अधिकारी बनकर पेंशन कार्ड अपडेट और टैक्स में छूट का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देशभर में साइबर ठगी के लिए कुख्यात झारखंड के जामतारा से जुड़े नेटवर्क के तार देवास में हुई साइबर धोखाधड़ी से जुड़ने का मामला सामने आया है। देवास पुलिस ने ई-जीरो एफआईआर के तहत कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त एलआईसी कर्मचारी से 6.03 लाख रुपये की ठगी के मामले में बिहार के कटिहार जिले से 21 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर की अलमारी से ठगी की राशि में से 5 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, पूछताछ और विवेचना में साइबर ठगी गिरोह के मुख्य सरगनाओं का संबंध जामतारा से सामने आया है। अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और शेष राशि के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार, देवास के कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी 62 वर्षीय मनोहर लाल सिलोदिया, जो एलआईसी से सेवानिवृत्त हैं, साइबर ठगी का शिकार हुए थे। अज्ञात आरोपियों ने बैंक अधिकारी बनकर उनसे संपर्क किया और पेंशन कार्ड अपडेट कराने तथा टैक्स में छूट दिलाने का झांसा दिया। इस बहाने उनसे कुल 6 लाख 3 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। शिकायत के आधार पर कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 565/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

बिहार पहुंची पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने बैंकिंग लेनदेन, मोबाइल नंबरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। जांच के आधार पर टीम करीब 1500 किलोमीटर दूर बिहार के कटिहार जिले पहुंची और खुदनारुपसपुर निवासी सचिन कुमार पिता उमेश पासवान (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की निशानदेही पर उसके घर की अलमारी से 5 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। शेष 1.03 लाख रुपये के संबंध में भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ठगी की रकम किन खातों में भेजी गई और इस वारदात में कौन-कौन लोग शामिल थे।

सरगनाओं तक पहुंचने कोशिश

विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस को साइबर ठगी गिरोह के मुख्य सरगनाओं के जामतारा, झारखंड से जुड़े होने की जानकारी मिली है। पुलिस अब इस नेटवर्क की कार्यप्रणाली, अन्य संदिग्धों की भूमिका और ठगी की रकम के लेनदेन की कड़ियां खंगाल रही है। इस कार्रवाई से अंतरराज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क तक पहुंचने की दिशा में पुलिस को अहम सुराग मिलने की बात सामने आई है।

ई-जीरो एफआईआर के तहत 26 आरोपी गिरफ्तार

देवास पुलिस के अनुसार, ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था के तहत अब तक 130 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर 98 लाख 52 हजार 614 रुपये जब्त किए गए हैं। वहीं, पुलिस के ऑपरेशन साइबर के तहत 1 नवंबर 2024 से अब तक विभिन्न मामलों में 3 करोड़ 89 लाख 28 हजार 622 रुपये की ठगी गई राशि पीड़ितों को वापस करवाई गई है। इसके अतिरिक्त 5 करोड़ 27 लाख 16 हजार 769 रुपये की राशि होल्ड करवाई गई है, जिसे वैधानिक प्रक्रिया के बाद संबंधित आवेदकों को लौटाया जाना है। उक्त सराहनीय कार्यवाही में उपनिरीक्षक सचिन सोनगरा, डी.के. त्यागी, प्रधान आरक्षक मनोज पटेल,रवि गरोड़ा, अर्पित श्रीवास्तव, आरक्षक सुजीत, अभिषेक पंवार, मनीष राजपुत, अनिल,नेहा ठाकुर एवं सायबर से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर, निशा पाटोरिया की विशेष भूमिका रही।

कांग्रेस नेता त्रिपाठी सहित पटाखा व्यापारियों ने जनसुनवाई में दिया आवेदन

दीपावली से पहले लाइसेंस जारी करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दीपावली पर्व पर अस्थाई पटाखा दुकानों के लाइसेंस समय पर जारी करने और दुकानों के लिए शहर से बाहर सुरक्षित स्थान निर्धारित करने की मांग को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पं. रितेश त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा है।

आवेदन में जनसुरक्षा और छोटे पटाखा व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समय पर लाइसेंस जारी करने तथा दुकानों के लिए निर्धारित स्थान का आवंटन पहले से करने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष जिले में छोटे व्यापारियों को पटाखा विक्रय के लिए अस्थाई लाइसेंस प्रदान किए जाते हैं। जिले में कुछ माह पूर्व हुई दुर्घटना को देखते हुए पटाखा दुकानों के लिए शहर से बाहर किसी सुरक्षित एवं निर्धारित स्थान का चयन किया जाना आवश्यक है। रिहायशी क्षेत्रों और घनी आबादी वाले स्थानों पर पटाखा दुकानें लगाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, ताकि आगजनी, दुर्घटना और जनहानि की आशंका को कम किया जा सके। आवेदन में बताया गया कि अन्य स्थानों पर पटाखा विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस लगभग एक माह पहले जारी कर दिए जाते हैं, जबकि देवास में लाइसेंस का नवीनीकरण दीपावली से मात्र दो से चार दिन पहले किए जाने की बात सामने आती है। इससे छोटे व्यापारियों को पटाखों की खरीद, दुकान लगाने और अग्निशमन सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता।

आवेदनकर्ताओं के अनुसार, दीपावली के बाद ग्राहकों की संख्या कम हो जाती है, जिसके कारण अधिकांश छोटे व्यापारी दुकानें बंद कर देते हैं। ऐसे में समय पर लाइसेंस मिलना उनके लिए जरूरी है। यदि प्रशासन पहले ही दुकानों के लिए स्थान निर्धारित कर दे और लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया समय से पूरी कर ले, तो व्यापारी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए अपनी तैयारियां कर सकेंगे। इस दौरान मोहित महाजन, जयेश गुप्ता, धीरज यादव, पवन यादव एवं मोहन पालीवाल मौजूद रहे।

60 कचरा गाड़ी हेल्परों का दो माह से भुगतान नहीं, जनसुनवाई में लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम देवास में कचरा गाड़ियों पर हेल्पर के रूप में कार्यरत करीब 60 कर्मचारियों को पिछले दो माह से भुगतान नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने इस संबंध में जिलाधीश को आवेदन देकर ठेकेदार से बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है। आवेदन में कर्मचारियों ने बताया कि वे नगर निगम की कचरा गाडिय़ों पर हेल्पर के रूप में कार्य करते हैं। संबंधित कार्य का ठेका ग्वालियर की फर्म के पास है। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा करीब दो माह से उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इससे उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आवेदन में बताया कि कचरा गाडिय़ों पर लगभग 60 हेल्पर कार्यरत हैं, लेकिन लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। आवेदन के दौरान 15 से अधिक कचरा गाड़ी हेल्पर उपस्थित रहे। आयोजित हुई जनसुनवाई में उपस्थित संबंधित अधिकारी ने दो दिन में समस्या का निराकरण होने का आश्वासन दिया।

बालगढ़ रोड पर ज्वलनशील कचरे से भरा गोदाम नगर निगम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और खुले प्लॉटों में कचरा डालने पर रोक लगाने के लिए नगर निगम ने कार्रवाई की है। बालगढ़ रोड पर उपसंचालक उद्यानिकी कार्यालय के सामने मुख्य सड़क किनारे स्थित एक खुले प्लॉट में भारी मात्रा में ज्वलनशील एवं हानिकारक कचरा मिलने पर निगम अधिकारियों ने संबंधित गोदाम का निरीक्षण किया। अनियमितताएं सामने आने के बाद गोदाम को सील कर दिया गया। निगमायुक्त दलीप कुमार ने शहर में स्वच्छता बनाए रखने और खुले प्लॉटों में कचरा डालने की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सभी स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार और शंकर सांगते ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान बालगढ़ रोड स्थित खुले प्लॉट में बड़ी मात्रा में कचरा पड़ा मिला।निरीक्षण के दौरान सामने आया कि अभिजर भाई नागदा द्वारा खुले प्लॉट में कचरा डाला गया था। निगम अधिकारियों के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों से ज्वलनशील एवं हानिकारक कचरा एकत्रित कर गोदाम और खुले प्लॉट में जमा किया जा रहा था। मौके पर करीब 3 से 4 टन कचरा मिलने की जानकारी दी गई। गोदाम के निरीक्षण के दौरान 4 से 5 महिला मजदूर कचरे के बीच बिना आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के काम करती मिलीं। इसके बाद मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार और शंकर सांगते ने संबंधित गोदाम को सील कर दिया।

माता के जयकारों के बीच निकली चुनरी यात्रा



सोनकच्छ। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति के तत्वावधान में मंगलवार को भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। सांवेर स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से शुरू हुई यात्रा प्रगतिनगर स्थित मां बिजासन माता मंदिर पहुंची, जहां माता रानी को चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई।यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। ढोल की थाप पर दुर्गावाहिनी की बहनों ने शौर्य और साहस के करतब दिखाए। पूरे मार्ग में माता रानी के जयकारे गूंजते रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्गा वाहिनी मालवा प्रांत की प्रांत संयोजिका निहारिका ठाकुर सहित समाजसेवी उषा रैकवार, बबीता दीदी, पूजा कौशल, जिला सहसंयोजिका और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न



देवास। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग के धीरज कल्याणे द्वारा स्थानीय शहर कांग्रेस कार्यालय पर नवीन पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की, जिसमें संगठन महासचिव जाहिद पठान एवं युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रोशन रायकवार के विशेष अतिथि थे। बैठक में सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पदाधिकारी ने अपने विचार व्यक्त किए। वार्ड स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। नए पदाधिकारीयो के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं संविधान पर कार्यशालाओं का आयोजन कर गतिविधियां संचालित की जाएगी। इस अवसर पर विशेष रूप से अविनाश जेठवा, विक्रम मालवीय,पप्पू परमार, आशा मालवीय, साधना हाड़े, राजेश मंडोर अर्जुन मारू, संजय मालवीय जीवन, अपूर्व मंडल, शुभम सोलंकी, मुकेश करोले, संजय मालवीय (बबी), वरुण सोलंकी, सुनील चौहान, दिनेश परमार, विकास मालवीय, आनंद परिहार, पंकज कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

मां शक्ति के दरबार में गूंजे भजन जागरण और गरबा में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन सोमवार को नगर के प्रसिद्ध मां शक्ति माता मंदिर में धार्मिक आयोजन और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रजत पाल सिंह राजपूत सहित अन्य अतिथियों ने मां शक्ति की आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में करणी सेना के सुरेंद्र सिंह गौड़, प्रीतम सिंह राजपूत और आकाश खींची मौजूद रहे। जेएमडी ग्रुप के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। आरती के बाद माता का जागरण और गरबा आयोजित किया गया। भौरासा के स्थानीय भजन गायकों द्वारका मंत्री, मनोज राठौर, रमेशचंद माली, संतोष राठौर, विष्णु राठौर, सुरेश लोधी, विजय शर्मा, दुर्गेश राठौर, मुकेश प्रजापति, आयुष माली, हर्ष पालीवाल, रोहित राठौर और विनय यादव ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के आयोजक कुलदीप सिंह बन्ना, निक्की नामदेव और नितेश चौधरी रहे। आयोजन के दौरान हेमेन्द्र सिंह राजपूत की ओर से खिचड़ी का वितरण भी किया गया।

शंकरगढ़ के हिल टॉप से बायोडायवर्सिटी पहाड़ी तक पहुंचा जल, पौधों को मिलेगा नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के दृढ़ संकल्प, पर्यावरण के प्रति समर्पण और लगभग चार महीने के सतत प्रयासों का परिणाम है कि आज शंकरगढ़ की उस ऊँची पहाड़ी तक भी जल पहुँच चुका है, जहाँ इस वर्ष नगर निगम द्वारा 9,000 पौधों का रोपण किया गया है। इस कार्य को पूरा करना आसान नहीं था। पानी को बालगढ़ से लिफ्ट करके शंकरगढ़ के हिल टॉप तक पहुँचाया। इसके बाद हिल टॉप पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराकर एक अतिरिक्त मोटर स्थापित की गई, ताकि पानी को शंकरगढ़ की पूरी पहाड़ी से होते हुए बायोडायवर्सिटी क्षेत्र के ऊपर स्थित पहाड़ी तक पहुँचाया जा सके। यह कार्य अत्यंत तकनीकी, श्रमसाध्य और अनेक कठिनाइयों से भरा हुआ था। इसके लिए निरंतर प्रयास, तकनीकी समझ, उचित समन्वय और दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता थी। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निरंतर प्रयासों और दृढ़ संकल्प के बिना इस कठिन कार्य को पूरा कर पाना संभव नहीं था। उनका पर्यावरण के प्रति समर्पण और शंकरगढ़ को हरा-भरा बनाने का प्रयास वास्तव में सराहनीय है। ग्रीन आर्मी, देवास नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं उनकी पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त करती है। इस महत्वपूर्ण कार्य में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगियों का आभार माना।

नर्मदा परियोजना पर सियासी घमासान, पूर्व मंत्री वर्मा ने कसा तंज

कमलनाथ ने किया था भूमिपूजन, विधायक बना रहे रील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



नर्मदा-कालीसिंध लिंक परियोजना को लेकर सोनकच्छ में सियासी घमासान तेज हो गया है। तालोद स्थित पंप हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक डॉ. राजेश सोनकर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि परियोजना का भूमिपूजन तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किया था, जबकि अब भाजपा विधायक निरीक्षण कर रील बना रहे हैं। वर्मा ने सवाल उठाया कि जब क्षेत्र के किसान सूखे और सिंचाई के संकट से जूझ रहे हैं, तब सबसे बड़ी जरूरत किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की है।

वर्मा ने कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती तो सूखे के इस साल में परियोजना के उद्घाटन की जरूरत ही नहीं पड़ती। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परियोजना को आगे बढ़ाया जाता, ताकि किसानों को जरूरत के समय पानी मिल सके। कांग्रेस नेता मनोज राजानी और महेंद्र सिंह तालोद ने भी परियोजना का भूमिपूजन कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में होने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर वर्ष 2020 में कांग्रेस विधायकों को अपने पक्ष में कर कमलनाथ सरकार गिराने का आरोप भी लगाया। उनका कहना है कि परियोजना के श्रेय को लेकर बयानबाजी करने के बजाय यह बताया जाना चाहिए कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी कब मिलेगा। ये आरोप और दावे कांग्रेस नेताओं की ओर से लगाए गए हैं।

सूखा, बिजली कटौती और खाद संकट पर कांग्रेस का पैदल मार्च

नर्मदा परियोजना पर सवाल उठाने के साथ कांग्रेस ने किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर भी मोर्चा खोला। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांवेर खेड़ापति सरकार के दर्शन-पूजन के बाद पैदल मार्च निकाला और मंडी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम आनंद मालवीय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने, किसानों को उचित मुआवजा और राहत देने, नर्मदा पाइपलाइन के माध्यम से तालाबों एवं नदियों तक पानी पहुंचाने तथा रबी फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके साथ ही लोड मैनेजमेंट के नाम पर बार-बार की जा रही बिजली कटौती बंद करने और ई-टोकन खाद व्यवस्था की परेशानियां दूर कर किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पंवार ओड सहित कांग्रेस नेताओं ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कम बारिश के बीच किसानों को राहत देने के लिए सरकार को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

मां अंबे के दरबार में गूंज रही डांडिया की धुन, हो रहे कई धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



शारदीय नवरात्रि पर्व के चलते नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। 11 अक्टूबर से प्रारंभ हुए नवरात्रि पर्व पर विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की घट स्थापना कर धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। शाम होते ही गरबा और डांडिया की धुन गूंजने लगती है। बड़ी संख्या में बालिकाएं और श्रद्धालु गरबा आयोजन में शामिल हो रहे हैं।

नगर के बावड़ी चौराहे पर विपिन शिवाय मित्र मंडल के नेतृत्व में गरबा आयोजन किया जा रहा है। वहीं, श्याम नगर स्थित खेड़ापत मनोकामना पूरण हनुमान मंदिर परिसर में भी घट स्थापना के साथ प्रतिदिन रात को गरबा आयोजित किया जा रहा है। बाजार पट्टी स्थित मां अम्बिका चौक मंदिर पर नवदुर्गा युवा उत्सव समिति द्वारा पिछले 14 वर्षों से नवरात्रि पर्व पर आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन मां अम्बिका की महाआरती के बाद बालिकाओं द्वारा गरबा प्रस्तुत किया जाता है। आयोजन के तहत सोमवार को प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल और मंगलवार को एनिमेंट हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं धार्मिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। मां अम्बिका चौक मंदिर पर आयोजित कार्यक्रमों में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाना प्रतिबंधित किया गया है।

खबर संक्षेप

चलती ट्रेन से यात्री का मोबाइल झपटकर भागा बदमाश

ललितपुर। ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल फोन पर बात करना एक यात्री को भारी पड़ गया। अहमदाबाद से ललितपुर आ रहे युवक का मोबाइल फोन भोपाल आउटर के पास चलती ट्रेन की खिड़की से अज्ञात व्यक्ति झपटकर भाग गया। शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विघामहावत निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामपाल ट्रेन संख्या 19483 सहरसा एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे थे। वह अहमदाबाद से ललितपुर आ रहे थे। 10 अक्टूबर की शाम करीब 7.15 बजे ट्रेन भोपाल आउटर के पास पहुंची तो उसकी गति धीमी हो गई। इसी दौरान धर्मेंद्र अपनी सीट पर बैठकर मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। आरोप है कि तभी खिड़की के बाहर मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने अचानक झपट्टा मारकर उनका रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से भाग गया। पीड़ित ने मोबाइल का आईएमईआई नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। घटना के बाद यात्री ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर जीआरपी थाने में बीएनएस की धारा 304(2) में मुकदमा दर्ज किया गया है।

हाईवे पर वाहन की टक्कर से महिला की मौत

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला सुबह दूध देकर घर लौट रही थीं, तभी रास्ते में तेज टक्कर लगने से वह हाईवे किनारे बनी पुलिया के नीचे पानी में जा गिरीं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मृतका के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसराकलां निवासी वृगभान पुत्र पुनू ने तालबेहट थाने में दी तहरीर में बताया कि 12 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे उनकी मां श्यामबाई दूध देने के लिए नेशनल हाईवे स्थित डॉ. तिवारी के घर गई थीं। दूध देने के बाद वह वापस अपने घर लौट रही थीं। बताया गया कि डॉ. तिवारी के घर से कुछ आगे हाईवे पर मुहर कमलवारा के सामने पहुंचने पर एक अज्ञात वाहन ने श्यामबाई को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क किनारे बनी पुलिया के नीचे पानी में जा गिरीं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। तालबेहट पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

जागरूकता शिविर में 80 लोगों ने लिया प्रशिक्षण

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 12 अक्टूबर को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरोंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए गए। इसमें छात्र-छात्राओं और अन्य हितग्राहियों को यातायात नियमों, दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी गई। साथ ही लर्निंग लाइसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया गया।

मिशन शक्ति 6, गांधीवादी तरीके से किया यातायात नियमों के पालन का आग्रह

बिना हेलमेट व सीटबेल्ट वालों को महिला एनसीसी कैडेट्स ने फूलमालाएं पहनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के चौराहों पर संभाली यातायात व्यवस्था

यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने और सड़क सुरक्षा का संदेश देने के लिए मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत मंगलवार को अनूठा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें महिला एनसीसी कैडेट्स ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर शहर के विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभालने में सहयोग किया।

इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और बिना सीटबेल्ट चारपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोककर गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित होकर फूलमालाएं भेंट की गईं और विनम्रतापूर्वक यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता बढ़ाने के साथ-साथ आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला एनसीसी कैडेट्स ने यातायात पुलिस बल के साथ मिलकर यातायात के सुचारु संचालन और निगरानी में सहयोग किया। साथ ही उन्होंने वाहन चेकिंग की प्रक्रिया को समझा और सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वाले चालकों को फूलमालाएं भेंट कर गांधीवादी तरीके से अपनी बात समझाई गई। महिला एनसीसी कैडेट्स ने वाहन चालकों से कहा कि हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अनमोल जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं में गंभीर चोट और जान जाने का कारण बन सकती है।

कैडेट्स ने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन अपनी आदत में शामिल करें। ऐसा करके वे न केवल स्वयं की, बल्कि अपने परिवार की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। अभियान के माध्यम से वाहन चालकों को समझाया गया कि नियमों के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता ही सुरक्षित यातायात की आधारशिला है। इस दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई मौजूद रहे। अधिकारियों की उपस्थिति में महिला एनसीसी कैडेट्स ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर आमजन को सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। अभियान में महिलाओं और बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट का प्रयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति एवं लापरवाही से बचें और स्वयं के साथ दूसरों की जान की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

जखौरा पुलिस ने की कार्रवाई

बांसी में 1.375 किलो गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस ने कस्बा बांसी में एक युवक को 1 किलो 375 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपये है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में तथा एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को थाना जखौरा पुलिस ने कस्बा बांसी स्थित सिंघई पंप के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद सफेद कपड़े के थैले से 1 किलो 375 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वार्ड नं. 5 बलदाऊ गंज बांसी निवासी दीपक कडेरे पुत्र ब्रजेश कुमार के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर थाना जखौरा में मुकदमा अपराध संख्या 257/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना जखौरा प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार, बांसी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बलराम शर्मा, मुख्य आरक्षी विक्रम विशाल द्विवेदी तथा आरक्षी सोनवीर, अमिताभ सिंह और योगेश सिंह शामिल रहे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का पुलिस लाइन में देखा प्रसारण

ग्राम सुरक्षा में योगदान देने पर प्रहरी का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम और पुलिस को महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराने में ग्राम प्रहरियों की भूमिका को देखते हुए मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएम के बरेली में आयोजित ग्राम सुरक्षा में योगदान एवं ग्राम प्रहरियों का सम्मान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के विभिन्न थानों से जुड़े ग्राम प्रहरियों के साथ देखा गया।

इस दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के बाद जिले के ग्राम प्रहरियों को उनके योगदान के लिए शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम प्रहरियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया गया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। गांवों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, आपसी विवादों, अवैध गतिविधियों और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली घटनाओं की जानकारी समय पर पुलिस तक पहुंचाने में उनका योगदान अहम है। ग्राम प्रहरियों की सतर्कता और सक्रिय सहयोग से संभावित अपराधों की रोकथाम करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। वे अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखते हुए पुलिस को आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते हैं। इसके माध्यम से ग्राम प्रहरियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए पुलिस एवं ग्राम प्रहरियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। जनपद पुलिस की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए ग्राम प्रहरियों के सहयोग से निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई गई। सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम प्रहरियों के कार्यों को पहचान देने के साथ ही उन्हें जनसेवा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

जिला गंगा समिति की एक्सपोजर विजिट पर पहुंचे

एमआरएफ सेंटर में स्कूली बच्चों ने सीखे कचरा प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में अटल विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों के लिए रामनगर स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर पर एक्सपोजर विजिट आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन, गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण तथा कचरे के उचित निस्तारण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। घरों और विद्यालयों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखना, कूड़े को निर्धारित स्थान पर डालना तथा प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचना स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने बच्चों से इन आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी केतन दुबे ने विद्यार्थियों से स्वयं स्वच्छता के नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के लोगों को भी जागरुक करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। वहीं, डीपीएम दीपक कुमार ने बच्चों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, उपयोगी अपशिष्ट के पुनर्चक्रण तथा अनुपयोगी कचरे के सुरक्षित एवं उचित निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एमआरएफ सेंटर के माध्यम से कचरे के प्रबंधन की प्रक्रिया को समझकर विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व को जाना। एक्सपोजर विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इसके बाद सभी ने स्वच्छता की शपथ लेकर अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक श्रेयांश डयोडिया, समन्वयक आनंद उपाध्याय, हर्षिता श्रीवास्तव, राम शर्मा, सफाई इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी, एमआरएफ सुपरवाइजर सुनील दत्त, जोन सुपरवाइजर संजय करोसिया तथा नगर पालिका की आईईसी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

राजेश श्रीवास्तव बने अध्यक्ष व सौरभ श्रीवास्तव मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



समाज के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा, का चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी अनुराग शरण श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव एवं अजय श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों, अतिथियों और महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नई कार्यकारिणी में राजेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष, सौरभ श्रीवास्तव को मंत्री, विपिन बिहानी श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवधेश श्रीवास्तव को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष, आशीष श्रीवास्तव को उपमंत्री, मनीष श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, नीरज कुमार सक्सेना को प्रचार मंत्री, मनीष श्रीवास्वव को सांस्कृतिक मंत्री तथा यशवर्धन श्रीवास्तव को ऑडिटर की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी पर समाज के नेतृत्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि श्री चित्रगुप्त महाराज की कृपा से संविधान सम्मत कर्तव्यों का पालन करते हुए सभी को साथ लेकर सभा और समस्त समाज के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी और सदस्य नई कार्यकारिणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक विकास के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। समारोह में नई कार्यकारिणी से समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

समारोह में शैलेन्द्र सिन्हा, अनूप श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक खरे, अमित श्रीवास्तव (हेमू), विनय श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव (गांधी नगर), नीतेश खरे, विमर्श श्रीवास्तव, संदीप खरे और आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। अतिथि के रूप में संतोष श्रीवास्तव, प्रमोद सक्सेना, शशिशेखर पाण्डेय, विजय श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव और आलोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। महिला मंडल से सीमा श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, नीलम खरे, कविता श्रीवास्तव, स्वाति श्रीवास्तव एवं कीर्ति श्रीवास्तव सहित अन्य महिलाओं ने सहभागिता की। संचालन पूर्व मंत्री संजय श्रीवास्तव ने किया।

मांगें पूरी होने तक आंदोलन करने का ऐलान

समान कार्य व वेतन और नियमितीकरण मांग, हड़ताल जारी

ललितपुर। समान कार्य-समान वेतन और संविदा कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश स्वराज मिशन के संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने दिनभर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कर्मचारियों के अनुसार, इस आंदोलन में करीब 350 संविदा कर्मचारी शामिल हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में समान कार्य के लिए समान वेतन और संविदा कर्मियों को नियमित कर स्थायी किए जाने की मांग शामिल है। इन मांगों को लेकर कर्मचारी 8 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने के बावजूद समाधान नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। हड़ताल के चलते जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पडने की बात सामने आई है।



कर्मचारियों के अनुसार, मेडिकल कॉलेज सहित जिले की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि, सेवाओं पर वास्तविक प्रभाव और प्रभावित इकाइयों की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है। संविदा कर्मचारियों ने बताया कि सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन के बाद अब लखनऊ में भी धरना शुरू कर दिया गया है। मांगें पूरी किए जाने तक आंदोलन वापस नहीं लेंगे। धरना-प्रदर्शन के दौरान डा.अंबिका दुबे, डा.सौरभ देवरिया, डा. धर्मेंद्र सेंगर, जिलाध्यक्ष रोहित सहाय, रजिया फिरोज, गणेश टांगुरिया, सुरेंद्र मौर्य, डा.देशराज दोहरे, शिवराम सिंह, अतुल दुबे, प्रभा राठौर, डा.नंदलाल यादव, मनीष पटवारी आदि मौजूद रहे।

बानपुर में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार, 3660 रुपए जब्त, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 3660 रुपये नकद और ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं। मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है।

13 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना बानपुर क्षेत्र के मजरा माज के पुरा कस्बे में शंकर जी के मंदिर के पास कुछ लोग रुपये-पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बानपुर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेलते हुए छह लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से जुए की फड़ पर रखे 2160 रुपये और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। वहीं, आरोपियों की जमा तलाशी के दौरान 1500 रुपये अतिरिक्त मिले। इस प्रकार कुल 3660 रुपये नकद बरामद हुए।



बरामदगी के आधार पर थाना बानपुर में मुकदमा अपराध अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में उपाधिया मंदिर मोहल्ला निवासी रानू पुत्र कोमल विश्वकर्मा, बड़ापुरा निवासी सुरेन्द्र सिंह उर्फ सीपी राजा पुत्र इन्द्रपाल सिंह, उपाधिया मोहल्ला निवासी बृजेश कुमार पुत्र तुलसीराम, मेघेश्वर पुत्र उदयभान सिंह, जगदीश पुत्र रामदयाल कुशवाहा तथा सुनील पुत्र बब्लू कुशवाहा शामिल हैं। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविन्द्र कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में की गई।

श्रीराम जन्म की लीला देख जय श्रीराम के जयकारे गूंजे

श्रीराम जन्म व महर्षि विश्वामित्र के आगमन का मंचन किया

महिलाओं ने सोहर गीत गाकर मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्री लक्ष्मीनृसिंह रामलीला तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला एवं किशोरी रासलीला के तीसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म और महर्षि विश्वामित्र के आगमन की लीला का भव्य मंचन किया गया।

श्री रामलीला संस्थान, श्रीधाम वृंदावन मंडल के संस्थापक स्वामी ओमप्रकाश पुजारी महाराज के निर्देशन में वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य मंचित होते ही रामलीला प्रांगण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। शुभारंभ कोरस गीतों के साथ हुआ। रामलीला के मंच पर अयोध्या के राजा महाराज दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ कराने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। यज्ञ के फलस्वरूप उनकी तीनों रानियों से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य सामने आते ही श्रद्धालुओं में उत्साह और उल्लास छा गया। भक्तों ने भगवान की आरती उतारी, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक मंगल सोहर गीत गाकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। 'भए प्रकट कृपाला, दीनदयालाइ स्तुति के गायन से पूरा रामलीला परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रीराम जन्मोत्सव के बाद महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ में राक्षसों द्वारा बाधा उत्पन्न करने की लीला का मंचन किया गया। राक्षसों के उपद्रव से परेशान होकर महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार पहुंचे और यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम तथा लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की अनुमति मांगी। पुत्रों के प्रति स्नेह के बावजूद राजा दशरथ ने गुरुजनों की आज्ञा और धर्म की रक्षा के उद्देश्य से दोनों राजकुमारों को महर्षि विश्वामित्र के साथ जाने की अनुमति दी। पिता की आज्ञा प्राप्त कर श्रीराम और लक्ष्मण महर्षि के साथ आश्रम के लिए रवाना हुए। इसी प्रसंग के साथ तीसरे दिन की लीला का समापन हुआ। रामलीला में भगवान श्रीराम की भूमिका त्रिलोकी, लक्ष्मण की भूमिका सौरभ, राजा दशरथ की भूमिका मुकेश, माता कौशल्या की भूमिका शिवराम, महर्षि विश्वामित्र की भूमिका गोविंद और जोकर की भूमिका ओएमपी ने निभाई। कलाकारों के अभिनय और संवादों ने दर्शकों को कथा के प्रसंगों से जोड़े रखा।

कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में की समीक्षा, लंबित शिकायतों पर सख्ती के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में राजगढ़ टॉप 10 व समग्र आधार ई-केवाईसी में टॉप 3 में

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में कलेक्टर डॉ. गिरीष कुमार मिश्रा द्वारा समय-समय पर सख्ती से की गई मॉनीटरिंग का परिणाम निकलकर प्रदेष में सामने आया है। इसी को लेकर सोमवार को कलेक्टर डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक एवं जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, जनविश्वास अभियान, कानून-व्यवस्था एवं अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं, आधार मॉनिटरिंग बैठक में आधार पंजीयन, ई-केवाईसी, निष्क्रिय ईसीएमपी किट तथा विद्यार्थियों के आधार संबंधी लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में राजगढ़ जिले के मध्यप्रदेश के टॉप-10 में और समग्र आधार ई-केवाईसी में राजगढ़ जिले के प्रदेश में टॉप-3 स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समन्वित प्रयास जारी रखते हुए शिकायतों का प्रभावी निराकरण किया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा प्रत्येक शिकायत पर समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा नगर परिषद के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के निर्देश दिए।



लंबित शिकायतों पर प्रति अधिकारी 2 हजार रुपये जुर्माना

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन करने वाले चार अधिकारियों पर प्रति अधिकारी 2 हजार रुपये के मान से जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। इनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यावरा इकरार अहमद, तहसीलदार पचोर अकलेश मालवीय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी खिलचीपुर देवनारायण दांगी तथा उप प्रबंधक मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित गौरव गुप्ता शामिल हैं। जनविश्वास अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग की विगत सात दिनों में 13 शिकायतों का निराकरण नहीं कराए जाने पर संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आवास संबंधी 10 शिकायतें लंबित रहने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आशीष के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिकायतों के निराकरण में जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण नहीं कराए जाने पर जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

अवमानना प्रकरणों में समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएगी।

नवरात्रि में थानों की मांग के अनुसार कोटवारों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नवरात्रि पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि थानों से प्राप्त मांग के अनुसार आवश्यक संख्या में कोटवारों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

आधार सेवाओं के विस्तार के लिए निष्क्रिय किट की समीक्षा

जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), राज्य कार्यालय भोपाल के प्रतिनिधि अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में निष्क्रिय ईसीएमपी किट की समीक्षा करते हुए यूआईडीएआई के राज्य कार्यालय से ऐसी किटों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक किट से प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों के औसत की समीक्षा की गई। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को वितरित की गई किटों की संख्या की जानकारी लेते हुए जिले के अन्य सीएससी को भी किट उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) को सक्रिय करने के निर्देश दिए, ताकि इसके माध्यम से भी आधार पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

विद्यार्थियों के आधार पंजीयन एवं एमबीयू लंबित मामलों पर दिया जोर

बैठक में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) की लंबित स्थिति तथा ऐसे विद्यार्थियों की संख्या की समीक्षा की गई, जिनके आधार कार्ड अभी तक नहीं बने हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के आधार पंजीयन एवं लंबित बायोमेट्रिक अपडेट का कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने, आधार संबंधी सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करने तथा सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

मनाया महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

5 दिवसीय महोत्सव, 51 फीट की चुनरी लेकर निकली महिलाएं, मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें समाज की महिलाओं, युवाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन का पूजन-अर्चन कर आरती की। शोभायात्रा में महिलाएं 51 फीट लंबी चुनरी लेकर चल रही थीं, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। वहीं, वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर भजन प्रस्तुत करते कलाकारों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर महिला-पुरुष नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

मावलिया माता मंदिर में चढ़ाई चुनरी

शोभायात्रा समाज की कुलदेवी मावलिया माता मंदिर पहुंची, जो डूंगरी रोड पर स्थित है। यहां समाजजनों ने माता को 51 फीट की चुनरी अर्पित कर पूजन-अर्चन एवं आरती की। इसके बाद समाज की धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की आरती की गई। समाज अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण भी किया गया।

महासभा में लिए समाजहित के निर्णय

जन्मोत्सव के अवसर पर दोपहर में समाज की महासभा आयोजित की गई। इसमें मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के विकास एवं हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान खेलकूद और सांस्कृतिक आयोजनों ने समाजजनों को एकजुट होने का अवसर दिया। देर रात 'तोलमोल के बोल' गेम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

खबर संक्षेप



70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दीपाखेड़ा की छात्रा कृष्णा ने रग्बी में जीता कांस्य पदक

मंदसौर। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 इंदौर में आयोजित रग्बी खेल प्रतियोगिता में शा.उ.मा.वि. दीपाखेड़ा की छात्रा कु. कृष्णा ने अंडर 19 में उज्जैन संभाग की ओर से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए रग्बी जिला कोच दिशा सेन के नेतृत्व में खिलाड़ी सम्मिलित हुए। रग्बी प्रतियोगिता में अंडर 19 बालिका में तृतीय स्थान के लिए उज्जैन व नर्मदापुरम संभाग का मैच हुआ, जिसमें उज्जैन संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा कु. कृष्णा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। यह उपलब्धि शा.उ.मा. विद्यालय दीपाखेड़ा के लिए बड़े ही गर्व का विषय रही है। इसी अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश शुक्ला ने छात्रा कृष्णा व खेल शिक्षिका दिशा सेन का मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही विद्यालय के खेल प्रभारी बलभद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को खेल का महत्व समझाते हुए छात्रा कृष्णा व खेल शिक्षिका दिशा सेन का सम्मान किया व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं प्रदान कीं। यह जानकारी विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार आचार्य ने दी।

सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन आज, उर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श पर होगी चर्चा

मंदसौर। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 14 अक्टूबर को मंदसौर में सिलसिला एवं तलाशे जौहर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 5 बजे से 41, अग्रसेन नगर विस्तार, रोटरी सेवा सदन के पास, पद्मावती रिसोर्ट के पीछे, अभिनंदन नगर, मंदसौर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अजीजुल्ला ख़ान उर्दू शेरो-अदब में स्त्री विमर्श विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी के अनुसार आयोजन का उद्देश्य उर्दू साहित्य की विभिन्न विधाओं पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना तथा साहित्यिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने मंदसौर की समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए आयोजन की सफलता व सार्थकता के प्रति विश्वास व्यक्त किया। वहीं, मंदसौर जलि की समन्वयक समीक्षा सरल ने मंदसौर के साहित्यिक वातावरण को देखते हुए कार्यक्रम में साहित्यप्रेमियों की अच्छी उपस्थिति के प्रति अकादमी को आश्वस्त किया। इस अवसर पर आमंत्रित शायरों में प्रमोद रामावत, नरेंद्र भावसार, नंदकिशोर राठौर, नरेंद्र त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रकला सिंह, अजय डांगी, ईश्वर सिंह डांगी, कलीम शाह, सुरेंद्र सुमन एवं मनी चौहान शामिल हैं।

संतान व अपने पर आश्रित परिवारीजनों को धर्म से जोड़ो : प्रत्यक्षरत्नजी

मंदसौर। धर्मबिन्दु ग्रंथ शास्त्र में आचार्य हिरसूरी म. सा. ने मनुष्य को अपने सामान्य धर्म का पालन करते हुए क्या करना चाहिये और क्या नहीं करना चाहिये इसका विस्तार से वर्णन किया है। अपने घर परिवार में रहते हुए गृहस्थ व्यक्ति को अपने पर आश्रित पत्नी माता पिता बच्चों की किस प्रकार देखरेख करना चाहिये इसके विषय में बताया गया है। मनुष्य को अपने पर आश्रित बच्चों की शिक्षा, विद्याध्ययन कैसे कराना चाहिये इसके विषय में भी बताया है। परिवार के सदस्यों की जैसी रुचि हो उन्हें उस रुचि के अनुसार उन्हें धर्म शिक्षा व व्यवसाय में जोड़ना चाहिये। उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म. सा. ने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में आयोजित धर्मसभा (व्याख्यान) में कहे। आपने मंगलवार की धर्मसभा में कहा कि शास्त्रकार हिरसूरिश्वरजी ने धर्मबिन्दु ग्रंथ में कहा कि आजकल के माता पिता की संतान के विवाह व उन्हें बिजनेस में स्थापित करने की ही चिन्ता रहती है। संतान का विवाह माता पिता को सही समय पर कर देना चाहिये। आजकल 30-35 वर्ष तक विवाह नहीं करने का जो ट्रेंड चल रहा है वह उचित नहीं है। कन्या का विवाह 18 वर्ष तथा पुत्र का विवाह 21 वर्ष की आयु होने पर उचित वर वधु देखकर कर देना चाहिये। जीवन में खानपान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिये। अपने घर में अभक्ष पदार्थ नहीं आवे तथा रसोई में नहीं बने इसका ध्यान भी श्रावक श्राविका को रखना चाहिये। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

जीवन में सुपात्र दान की महत्ता समझो : विरलविजय

मंदसौर। जीवन में दान पुण्य की महत्ता सभी समझते है संसार के सभी धर्म दान की महत्ता को स्वीकार करते है। दान किस तरह हो, किसे दिया जाये, कैसे दिया जाये, किन भावों के साथ दिया जाये यह शांतसुधा रस शास्त्र में विस्तार से बताया गया है। संसार में सुपात्र दान को विशिष्ठ दान माना गया है। जीवन में विनम्रता के भाव से दक्षिणा पूर्वक भाव पूर्वक जो दान दिया जाता है उसे ही सुपात्र दान माना गया है। उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजयजी म. सा. ने कहे। आपने मंगलवार की यहाँ धर्मसभा में कहा कि दान देते समय हमारे मन में अहंकार की भावना बिल्कुल नहीं होना चाहिये तथा दान देने के बाद पछतावे का भाव नहीं अपना चाहिये। जो दान ले रहा है उसके प्रतिदिन भावना नहीं होना चाहिये। प्रभु महावीर सहित जितने भी तीर्थंकर हुए उन्होंने दीक्षा के पूर्व पुरे मनोभाव से सुपात्र दान किया। प्रभु महावीर ने अपने पास कुछ नहीं रखा।

राम रघुवंशी आज जिले में गौशालाओं का भ्रमण करेंगे

मंदसौर। जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं स्लॉटर हाउस कमेटी के अध्यक्ष राम रघुवंशी 14 अक्टूबर को मंदसौर जिले में गौशालाओं का भ्रमण करेंगे एवं मंदिर मे दर्शन करेंगे।

नवरात्रि उत्सव में बेटियों का उत्साह 172 बालिकाओं ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

संस्था युवधर्म द्वारा आयोजित शक्ति की आराधना आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान में बालिकाओं का उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन के प्रथम एवं द्वितीय दिवस में कुल 172 बालिकाओं ने पंजीयन करवाया। बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा में सक्षम बनाने के उद्देश्य से लगभग 25 प्रशिक्षकों द्वारा जूडो-कराटे, लाठी चलाने और तलवारबाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आयोजन की खास बात यह है कि प्रतिदिन माँ दुर्गा की आरती में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली मातृशक्तियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर



वाल्मीकि समाज की मातृशक्ति ने अतिथि के रूप में सहभागिता की, जबकि द्वितीय दिवस की आरती में महिला अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया। संस्था युवधर्म की यह पहल न केवल बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखा रही है, बल्कि समाज की विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं को सम्मान देकर बालिकाओं के लिए प्रेरणा का माध्यम भी बन रही है। अभियान का उद्देश्य हर बेटी में यह विश्वास जगाना है कि वह आत्मविश्वास और साहस के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकती है।

कलेक्टर ने समस्याओं पर सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान 64 आवेदन प्राप्त हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने भी जनसुनवाई की जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। ग्राम सेमलिया हीरा निवासी सुरज ने भुखण्ड का कब्जा व पट्टा दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मल्हारगढ़ निवासी



प्रकाश ने कृषि भूमि पर आने जाने के लिए रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नारायगण निवासी सुनिल ने शासकीय भूमि को संरक्षित करवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि से कब्जा दिलवाने, राजस्व नक्शा दुरूस्त करवाने, नामांतरण करवाने, नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान करवाने, भुखंड का मालिकाना हक व रजिस्ट्री दिलवाने, भूमि की नप्ती व सीमांकन करवाने, नक्शा अनुसार नप्ती व पंचनामा बनवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में दलौदा का परचम, रनर-अप ट्रॉफी पर कब्जा

दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक, मंदसौर जिले का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



प्रदेश की राजधानी भोपाल में 9 एवं 10 अक्टूबर को आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय एस कियू ए वाय मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में मंदसौर जिले के दलौदा स्थित दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 25 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण एवं 1 रजत सहित कुल 9 पदक जीतकर रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में अंडर-19 के 50 किग्रा वर्ग में जगदेव पंवार, 70 किग्रा में माधवराज भाटी, 55 किग्रा में नैतिक राठौर तथा 66 किग्रा में हरिओम पाटीदार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अंडर-17 के 45 किग्रा वर्ग में चंद्रशेखर कुमावत, 60 किग्रा में करण व्यास और 50 किग्रा में भूपेंद्र पाटीदार ने स्वर्ण पदक जीते। अंडर-14 के 45 किग्रा वर्ग में निलेश चौधरी ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी क्रम में अंडर-17 के 48 किग्रा वर्ग में कृष्णा कुमावत ने रजत पदक जीतकर विद्यालय की पदक तालिका में एक और उपलब्धि जोड़ी। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय की डायरेक्टर सोनाली जैन एवं प्राचार्य प्रदीप शेरावत ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 9 पदकों के साथ रनर-अप ट्रॉफी हासिल कर दलौदा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया।

विधायक जैन ने वित्त मंत्री से जल्द अफीम नीति घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



अफीम नीति 2026-27 अब तक घोषित नहीं होने से मंदसौर, नीमच सहित अफीम उत्पादक क्षेत्रों के किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष सितंबर माह में ही अफीम नीति जारी कर दी गई थी, लेकिन इस वर्ष अक्टूबर माह शुरू होने के बावजूद नीति घोषित नहीं हुई है। ऐसे में खेत बुआई के लिए तैयार होने के बावजूद किसान असमंजस में हैं। इस संबंध में क्षेत्र के विधायक विपिन जैन द्वारा वित्त मंत्री,भारत सरकार को पत्र भेजकर अफीम नीति शीघ्र घोषित करने की मांग की गई है। पत्र में बताया गया कि अक्टूबर के पहले और दूसरे सप्ताह में अफीम की बुआई होने पर मौसम की अनुकूलता का लाभ मिलता है और उत्पादन बेहतर रहता है। नीति जारी होने में देरी से बुआई प्रभावित होने के साथ फसल में रोग का खतरा बढ़ सकता है और उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। विधायक जेन ने अपने पत्र में इस वर्ष क्षेत्र में कम बारिश को लेकर भी चिंता जताई है । उनका कहना है कि फसल के अंतिम चरण में पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में कम वर्षा के कारण सिंचाई की समस्या सामने आ सकती है। बुआई में देरी का असर आगे अफीम तौल तथा सीपीएस डोडा तुड़ाई और तुलाई के दौरान वजन पर पड़ने की आशंका भी जताई गई है । जेन ने सरकार से मार्फिन की औसत सीमा कम करने, पुराने चीरा पद्धति के आधार पर अफीम के पट्टे जारी करने तथा पूर्व में काटे गए सभी पट्टों को बहाल करने की मांग की है ।

आपदा युवा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

मंदसौर। राज्य आपदा प्राधिकरण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों के पालन मे आपदा युवा मित्र प्रशिक्षण का आयोजन 6 अक्टूबर 12 अक्टूबर तक समापन के अंतर्गत 125 प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान बोट इंजन संचालन, ड्राई रेस्क्यू, हेड टो, चिन टो एवं पेट्रोलिंग के दौरान रेस्क्यू कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। प्रशिक्षार्थियों को बताया गया कि बाढ़ एवं जल आपदा के दौरान बोट इंजन का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाता है तथा संकट में फँसे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए किन बचाव तकनीकों का उपयोग किया जाता है। साथ ही, हेड टो एवं चिन टो तकनीक के माध्यम से पानी में फँसे व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। एयर रेस्क्यू एवं ड्राई रेस्क्यू के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा पेट्रोलिंग के दौरान आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपदा मित्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित, प्रभावी एवं त्वरित बचाव कार्य करने के लिए सक्षम बनाना तथा जन-धन की हानि को कम करना रहा।

चोरी की बाइक से अवैध शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा रतलाम जिले में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व अज्ञात वाहन चोरी के आरोपियों की पतारसी के लिए निर्देशित किया गया है। जिनके निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विवेक कुमार लाल, अनुविभागीय अधिकारी जावरा ग्रामीण संदीप मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी आलोट पल्लवी गौर, एसडीओपी सैलाना लेखराज मीणा के मार्गदर्शन में अनुभाग आलोट एवं जावरा ग्रामीण की संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 11 अक्टूबर को अवैध कच्ची शराब



की तस्करी करते दो आरोपी हरपाल पिता धारिया कंजर एवं अर्जुन पिता लखन कंजर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं एक मोटरसाईकिल जप्त की गई। जिसपर थाना ताल पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया।

दोनों आरोपियों ने पूछताछ पर जब्त मोटरसाईकिल को ग्राम भाटखेड़ा से चोरी करना बताया। जिसके संबंध में थाना कालूखेड़ा में अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया। जिसके आधार पर दोनों आरोपियों से अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की गई जिसपर आरोपी हरपाल एवं अर्जुन कंजर ने अन्य साथी लखन पिता हरीलाल कंजर के साथ मिलकर 16 मोटरसाइकिल चोरी एवं 1 लोडिंग वाहन छोटा हाथी की चोरी की वारदाते कबुल की। गैंग के अन्य आरोपी लखन पिता हरीलाल कंजर को भी गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों से चोरी की 6 मोटरसाइकिल जब्त की हैं।

मुख्यमंत्री ने तेजकुंवरबाई काश्यप को पुष्पांजलि अर्पित कर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री चैतन्य काश्यप की माता एवं समाजसेवी तेजकुंवरबाई काश्यप के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने रतलाम स्थित विसाजी मैंशन, स्टेशन रोड पहुंचकर स्वर्गीय तेजकुंवरबाई काश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए



ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया।